# केन्द्रीय विद्यालय सीएमएम

रिज रोड, लेखा नगर के पास, जबलपुर
फोन: 0761-2601703

## निरस्त सामग्री के विक्रय हेतु निविदा सूचना

केन्द्रीय विद्यालय सीएमएम जबलपुर के विभिन्न विभागों एवं कम्प्यूटर विभाग के पुराने कम्प्यूटर ,फोटो कॉपी मशीन, प्रिन्टर, कम्प्यूटर संबंधित सामग्री एवं अन्य सामग्री "जहाँ है जैसी है" की स्थिति में ,नीलामी हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 100/- निर्धारित है जिसे नगद भुगतान के द्वारा सभी कार्य दिवसों में दिनांक 11.01.2022 से दिनांक 24.01.2022 तक (सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे के बीच) विद्यालय कार्यालय से खरीदा जा सकता है । पूर्ण रूप से भरी हुई, हस्ताक्षरित एवं मोहर सहित निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 24.01.2022 दोपहर 4:00 बजे तक है विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट **https://aocjabalpur.kvs.ac.in** का अवलोकन करें या फ़ोन नंबर **0761-2601703** पर संपर्क करें |

10/01/2022

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय सीएमएम
जबलपुर(म.प्र.)

प्राचार्य / PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
सी.एम.एम. जबलपुर/C.M.M. Jabalpur

# केन्द्रीय विद्यालय सीएमएम

रिज रोड, लेखा नगर के पास, जबलपुर

फोन: 0761-2601703

## नीलामी हेतु निविदा प्रपत्र

### निविदा प्रपत्र क्र. ..................

केन्द्रीय विद्यालय सीएमएम जबलपुर के विभिन्न विभागों एवं कम्प्यूटर विभाग के अनुपयोगी पुराने कम्प्यूटर ,फोटो कॉपी मशीन ,प्रिन्टर, कम्प्यूटर संबंधित सामग्री एवं अन्य सामग्री "जहाँ है जैसी है" की स्थिति में , निरस्त सामग्री (condemned items) का विक्रय किया जाना प्रस्तावित है | इस संदर्भ में संलग्न प्रारूप (PROFORMA) में इच्छुक व्यक्ति/फर्मों से सीलबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है | निविदा प्रक्रिया से संबंधित नियम व शर्तें निम्नानुसार है, जो कि निविदा में शामिल होने वाले व्यक्ति/ फर्मों के लिए आवश्यक रूप से मान्य होंगी तथा उसे नीचे दिये गए वचनपत्र पर हस्ताक्षर कर अपनी वचनबद्धता प्रस्तुत करना होगी । अन्यथा ऐसे व्यक्ति/ फर्मों निविदा प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

नियम व शर्तें:

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 100/- निर्धारित है जिसे नगद भुगतान के द्वारा सभी कार्यदिवसों में दिनांक 11.01.2022 से दिनांक 24.01.2022 तक (सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे के बीच) विद्यालय कार्यालय से खरीदा जा सकता है ।
2. निविदा में शामिल होने वाले व्यक्ति/ फर्मों को निविदा, निर्धारित प्रपत्र द्वारा संलग्न प्रारूप (PROFORMA) में उपरोक्त सामग्री की एक मुश्त क्रय राशि भरकर, सभी संलग्नकों सहित ,उसे सीलबंद लिफाफे में पैक करना चाहिए और लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में 'पुराने कम्प्यूटर, फोटो कॉपी मशीन, प्रिन्टर, कम्प्यूटर संबंधित सामग्री एवं अन्य सामग्री आदि खरीदने हेतु निविदा' लिखकर विद्यालय में इस हेतु रखे बॉक्स में नियत तिथि तक डालना चाहिए |
3. निविदा जमा करने/ बॉक्स में डालने की अंतिम तिथि 24.01.2022 दोपहर 4:00 बजे तक है | इस नियत तिथि व समय तक प्राप्त निविदाएं दिनांक 25.01.2022 दिन मंगलवार सुबह 10 बजे खोली जायेंगी । इस प्रक्रिया में उचित पहचान पत्र के साथ निविदाकर्ता स्वयं अथवा उनका Authorized प्रतिनिधि प्राधिकार पत्र (AUTHORITY LETTER) एवं उचित पहचान पत्र के साथ शामिल हो सकता है | इसके अभाव में निविदा खोलने की प्रक्रिया में उन्हें शामिल नहीं किया जा सकेगा ।
4. निविदा प्रपत्र में अपनी खरीद-दर स्पष्ट रूप से दर्ज करे, किसी भी प्रकार की ओवरराइटिंग या कटिंग स्वीकार्य नहीं होगा|
5. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज़:
   (अ) स्वप्रमाणित फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड /वोटर कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकापी)
   (आ) पैन (PAN) कार्ड स्वप्रमाणित फोटोकापी, यदि हो तो
   (इ) धरोहर राशि के रूप में रु. 2000/- का डिमांड ड्राफ्ट या पे आर्डर जो कि 'विद्यालय विकास निधि केवि सीएमएम जबलपुर' के पक्ष में देय हो.

   **अथवा**

   धरोहर राशि **रु. 2000/-** NEFT या IMPS द्वारा विद्यालय के A/C No. 325702011013755, IFSC: UBIN0532576, **Union Bank of India, Cantt. Branch, Sadar Bazar, Jabalpur (M.P.)** में जमा कर सकते हैं। **इस स्थिति में इसका प्रमाण निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।**
6. निस्तारित किए जाने वाले अर्थात बेचे जाने वाले पुराने कम्प्यूटर ,फोटो कॉपी मशीन ,प्रिन्टर, कम्प्यूटर संबंधित सामग्री एवं अन्य सामग्री आदि की मात्रा , निरीक्षण एवं अन्य जानकारी हेतु विद्यालय कार्यालय में दिनांक 11.01.2022 से दिनांक 24.01.2022 तक (सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच) सभी कार्य दिवसों में संपर्क कर सकते हैं |

7. निविदा प्रपत्र में खरीद हेतु अंतिम रूप से उसी व्यक्ति या फ़र्म को चुना जाएगा जिसके द्वारा प्रस्तुत खरीद दर अधिकतम होगी तथा जिसे निविदा प्रक्रिया की सभी शर्तें लिखित रूप में मान्य होंगी ।
हालांकि इस संबंध में इस हेतु बनाई गई समिति की अनुशंसा पर विद्यालय के प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।
8. जिस व्यक्ति/फ़र्म की प्रस्तुत खरीद-दर को विद्यालय प्रशासन द्वारा मान्य किया जाएगा उसे सफल क्रेता के रूप में जाना जाएगा । यदि निविदा स्वीकृति पश्चात सफल क्रेता अर्थात सफल व्यक्ति/फ़र्म निरस्त सामग्री खरीदने से मना करता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी ।
9. इसी प्रकार बिंदु क्र. 8 में उल्लिखित सफल क्रेता अर्थात सफल व्यक्ति/फ़र्म को विद्यालय में उपलब्ध **समस्त निरस्त किए गए पुराने कम्प्यूटर ,फोटो कॉपी मशीन ,प्रिन्टर,एवं अन्य कम्प्यूटर संबंधित सामग्री आदि एक साथ खरीदना अनिवार्य होगा** । अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। आंशिक खरीद या टुकड़ों में खरीद की अनुमति किसी भी रूप में नहीं दी जाएगी ।
10. सफल क्रेता अर्थात सफल व्यक्ति/फ़र्म को समस्त निरस्त किए गए सामग्री की एक मुश्त राशि का भुगतान विद्यालय कार्यालय में जमा करने के पश्चात, ही खरीद की गई समस्त निरस्त सामग्री को विद्यालय परिसर से बाहर निकालने की अनुमति होगी। इसमें असमर्थ होने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी । हालांकि सफल क्रेता के निवेदन पर उसकी धरोहर राशि को कुल देय में से घटाकर समायोजित किया जा सकता है।
11. सफल क्रेता अर्थात सफल व्यक्ति/फ़र्म को समस्त निरस्त सामग्री के कुल खरीद मूल्य पर आयकर विभाग के नियमानुसार **TCS (Tax Collected at Source)** की राशि जमा करना अनिवार्य होगी ।
12. विद्यालय द्वारा सफल क्रेता को बेची गई समस्त निरस्त सामग्री (condemned items) को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं ली जाएगी । साथ ही क्रेता द्वारा खरीद की गई सम्पूर्ण निरस्त सामग्री के परिवहन या ढुलाई के लिए विद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार की सहायता या सहयोग प्रदान नहीं किया जाएगा | उपरोक्त निरस्त सामग्री की ढुलाई एवं उसे ले जाने का कार्य फर्म/ व्यक्ति को स्वयं की व्यवस्था से करना होगा |
13. जिस व्यक्ति/फ़र्म निविदा या खरीद-दर स्वीकार नहीं होगी उसकी धरोहर राशि लौटा दी जाएगी | साथ ही जो निविदाएं उपरोक्त नियम एवं शर्तों पर खरी नहीं उतरती हैं, वह निरस्त की जा सकती है |
14. किसी भी विवाद की स्थिति में इस हेतु बनाई गई समिति का निर्णय अंतिम होगा |
15. संपूर्ण निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा|
16. संपूर्ण प्रक्रिया के लिए न्यायिक क्षेत्र जबलपुर होगा ।

केन्द्रीय विद्यालय KENDRIYA VIDYALAYA कार्यालय Office

(एस. के. नामदेव) 10/01/22
प्राचार्य

---

# वचनबद्धता

मैं ........................................................................ शपथ पूर्वक वचन देता हूं कि इस निविदा प्रपत्र में ऊपर उल्लिखित सभी नियम एवं शर्तों को मैंने भली-भांति पढ़ लिया है और समझ भी लिया है | साथ ही यह सभी ऊपर उल्लिखित नियम और शर्तें मुझे स्वीकार्य है | अतः: मेरे द्वारा निरस्त सामग्री खरीद हेतु दर निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत कर संलग्न है ।

दिनांक ________________

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ______________________

| फ़र्म की सील,<br>(यदि उपलब्ध हो तो) |
|---|

निविदाकर्ता का नाम ______________________

मोबाइल नंबर ______________________

# निरस्त सामग्री के क्रय हेतु निविदा

निविदाकर्ता व्यक्ति / फर्म का नाम ____________________

आधार नंबर /वोटर कार्ड का नंबर (फर्म के मामले में प्रोप्राइटर का) ____________________

(स्वप्रमाणित फोटोकापी संलग्न करें)

PAN ____________________ (स्वप्रमाणित फोटोकापी संलग्न करें)

निविदाकर्ता व्यक्ति / फर्म का पता ____________________

____________________

मोबाइल नंबर ____________________

| स. क्र. | विवरण | कुल राशि (रू) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | पुराने कम्प्यूटर, फोटो कॉपी मशीन, प्रिन्टर, एवं अन्य कम्प्यूटर संबंधित सामग्री इत्यादि | | |

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

फ़र्म की सील,
(यदि उपलब्ध हो तो)

हस्ताक्षरकर्ता का नाम

मोबाइल नंबर